Support price of soyabean by National Seeds Corporation

2877. SHRI SURENDRA SINGH THAKUR: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether support price for soyabean being given to farmers by the National Seeds Corporation is remunerative one;

(b) if so, the details thereof;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) the remedial steps being taken by Government to suitably remunerate the farmers?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) to (d) National Seeds Corporation has not been designated as the Central Agency to undertake price support purchases for Soyabean. However, purchases of black and yellow varieties of Soyabean under the price support scheme are made by National Agricultural Co-operative Marketing Federation of India. Government have been fixing the minimum support price for yellow and black varieties of Soyabean from year to year. While fixing the level of support prices, Government ensures, among other things, that apart from covering the cost of production a margin of profit is also left with Soyabean cultivators as an incentive for achieving higher production and productivity.

राजौरी गार्डन, नई दिल्ली में मातृ-शिशु सेवा केन्द्र के लिए भूमि का आवंटन

2878. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जन कल्याण समिति और श्रीराम मन्दिर ट्रस्ट राजौरी गार्डन, नई दिल्ली ने वहां पर एक मातृ शिशु केन्द्र (अस्पताल) के निर्माण के लिये भूमि के आवंटन हेतु दिल्ली विकास प्राधिकरण से अनुरोध किया था ;

(ख) क्या दिल्ली में निरन्तर बढ़ती जा रही जनसंख्या को चिकित्सीय सेवायें प्रदान करने की बात को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने स्वयंसेवी संगठनों को अस्पताल बनाने के लिये प्रोत्साहन देने की अपनी नीति के अनुसरण में दिल्ली विकास प्राधिकरण से कथित संस्था को भूमि का आवंटन किये जाने की सिफारिश की है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गये हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि अभी तक इस प्रकार का कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

इस्पात के उत्पादन के लक्ष्य

2879. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ गैर-सरकारी क्षेत्र में इस्पात की उत्पादन क्षमता सहित उनका वास्तविक उत्पादन कितना था ;

(ख) चालू वर्ष के दौरान उनकी उत्पादन क्षमता के कितने प्रतिशत के उपयोग में लाये जाने की सम्भावना है ; और

(ग) आगामी वर्ष के लिये उत्पादन के क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ?

इस्पात और खान मंत्रालय में खान विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती रामदुलारी सिन्हा) : (क) अपेक्षित जानकारी नीचे दी गई है :

बिक्रय इस्पात की क्षमता की तुलना में वास्तविक उत्पादन

सर्वतोमुखी इस्पात कारखाने (लाख टन)

वर्ष	सरकारी क्षेत्र		गैर सरकारी क्षेत्र	
	उत्पादन	क्षमता	उत्पादन	क्षमता
1983–84	47.7	72.0	16.3	15.0
1984–85	52.8	72.0	17.1	17.4
1985–86	60.0	72.0	17.7	17.4

वर्ष 1983–84, 1984–85 तथा 1985–86 के दौरान लघु इस्पात कारखानों में इस्पात का उत्पादन क्रमश: 24, 23 तथा 29 लख टन था ।

(ख) वर्ष 1986–87 के दौरान क्षमता उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी वर्ष की समाप्ति पर हो मिलेगी ।

(ग) वर्ष 1987–88 के दौरान लगभग 122.4 लाख टन बिक्रय इस्पात का उत्पादन करने की योजना है जिसमें मुख्य उत्पादकों का हिस्सा 91.4 लाख टन का होगा ।

इस्पात की मांग और उपलब्धता के मध्य अन्तर

2880. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में इस्पात की मांग तथा उपलब्धता के मध्य कितना अन्तर रहा है ;

(ख) इस सम्बन्ध में चालू वर्ष के दौरान कितना अन्तर रहने की सम्भावना है ; और

(ग) आगामी वर्ष के दौरान इसकी मांग के अनुरूप इस्पात की यथोचित मात्रा उपलब्ध कराने के लिये क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

इस्पात और खान मंत्रालय में खान विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती रामदुलारी सिन्हा) : (क) से (ग) वर्ष 1983–84 और बाद के वर्षों में देश में देशी तैयार इस्पात की अनुमानित आवश्यकता/मांग तथा उपलब्धता का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है :–

(लाख टनों में)

वर्ष	अनुमानित आवश्यकता/ मांग	देशी उपलब्धता	अंतराल
1983–84	99.2	85.7	(–) 13.5
1984–85	90.1	88.6	(–) 1.5
1985–86	113.5	104.5	(–) 9.0
1986–87	116.2	106.9 (अनुमानित)	(–) 9.3
1987–88 (योजनाएं)	125.9	120.7	(–) 5.2